खबर संक्षेप

कलेक्टर ने की चुटका परमाणु विद्युत परियोजना की राज्य स्तरीय बैठक संबंधी तैयारियों की समीक्षा

मण्डला। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य स्तर पर होने वाली बैठक के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बैठक एजेंडानुसार पीपीटी तैयार करें। प्रत्येक बिन्दू की पृथक-पृथक सिलाईड तैयार करें और संबंधित पूर्ण विवरण को समाहित करें। किए जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए प्रत्येक कार्य के लिए समय-सीमा का उल्लेख भी करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह सहित चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने ली वन अधिकार समिति की बैठक

मण्डला। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरणों का समय पर परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। प्रत्येक प्रकरण में संबंधित अधिकारी फील्ड पर जाकर स्थल निरीक्षण करें। उन्होंने इस संबंध में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी नित्यानंदन एल, वन मंडल अधिकारी ऋषिभा सिंह नेताम, उपसंचालक कान्हा बफर जोन अमिता केवी, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा 27 मार्च को बैठक लेंगे

मण्डला। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री ओंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा का 26 मार्च की शाम को मंडला आगमन हो रहा है। सदस्य द्वय द्वारा 27 मार्च को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से संबंधित विभाग/स्टेक होल्डर्स के साथ समीक्षा/समन्वय बैठक ली जायेगी। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त, जनजाति कार्यविभाग, सहायक आयुक्त सामाजिक न्याय विभाग, जनसंपर्क अधिकारी जनसंपर्क विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, प्रभारी कौशल विकास उन्नयन केन्द्र को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री विवाह कार्यक्रम को बनाया जायेगा गरिमामय

16 को होगा सामूहिक विवाह/निकाह आयोजन

*** वर-वधुओं का लगातार जारी है पंजीचन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वस्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि मंडला जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का कार्यक्रम गरिमामय रूप से संपन्न किया जायेगा। उन्होने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिये। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके बुधवार को जनपद पंचायत मंडला के सभाकक्ष में सामूहिक मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की तैयारियों की समीक्षा कर रही थी। इस अवसर पर जनपद पंचायत मंडला के अध्यक्ष श्री सोनू भलावी, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, जनपद पंचायत मंडला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनोद मरावी सहित जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंचगण मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि सामूहिक मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत संपूर्ण कार्यक्रम रीति-रिवाज एवं परंपरा अनुसार संपन्न किये जायेंगे। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में ढोल-शहनाई, बारात, टेंट, मंच, मंढा, पार्किंग, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा का प्रबंध, पेयजल प्रबंध, विद्युत व्यवस्था, साउंड सिस्टम, पंडित, काजी, भुमका, पुजारी और भोजन इत्यादि का प्रबंध किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत 550 जोड़ों का चयन कर लिया गया है। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के लिए वर-वधुओं का पंजीयन लगातार जारी है। इच्छुक वर-वधु पंजीयन कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले जोड़े में से कन्या को 49000 रूपए की राशि का एकाउंट पेयी चौक सहायता राशि के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। उन्होंने इक्छुक वर-वधु को मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजनांतर्गत संबंधित निकाय में आवेदन निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर इस योजनांतर्गत सहायता राशि प्राप्त कर सकता है। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में जनप्रतिनिधियों की भी टीम बनाई जायेगी, जिससे वर-वधुओं को गुणवत्तापूर्व सामाग्री प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीम बनाकर उन्हें जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान बनाए गए हैं। जिन गावों में पहले मिट्टी के कच्चे मकान दिखाई देते थे, अब उन गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्के मकान दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से प्रत्येक हितग्राही को लाभान्वित किया जायेगा, जिससे उसका भी पक्का मकान बन सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से कोई भी हितग्राही वंचित नहीं रहेगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने आयोजित कार्यक्रम में जल जीवन मिशन और जल निगम के कार्यों की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर तक नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाया जा रहा है। जिससे नागरिकों को साफ व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने जिले में संचालित जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत चयनित परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव-गांव में फिल्टर के माध्यम से शुद्ध जल पहुंचाया जायेगा। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पियाऊ केन्द्र खोलने के निर्देश दिये, जिससे सफर करने वाले या कोई भी नागरिक को पेयजल हेतु कठिनाई न हो।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि ग्राम पंचायतों में अपूर्ण व आधे-अधूरे भवन निर्माण कार्य चाहे वो पंचायत भवन हो, आंगनवाड़ी भवन, स्कूल, अतिरिक्त कक्ष या सामुदायिक भवन हो इन अपूर्ण भवनों को पूर्ण करने के लिए राशि जारी की जाएगी। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों को उनके कार्यक्षेत्र में अपूर्ण शासकीय भवनों की जानकारी भेजने के निर्देश दिए हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव को पक्की सड़कों और पुल-पुलियों के माध्यम से मुख्य सड़कों से जोड़ा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की आवागमन सुविधा बेहतर बनी है। ग्रामीणजन सुगमता से आवागमन कर रहे हैं। उन्होंने इसी प्रकार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

हर्षोल्लास से मनाई गई धर्मात्मा कर्माबाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारत की पावन भूमि ने अनेकों महापुरुष व मातृशक्तियों को जन्म दिया, ऐसे महापुरुषों का इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में नाम और कृतित्व का अमिट संदेश अंकित है।

तेली साहू समाज में जन्मी संत शिरोमणि कर्माबाई एक समाज सुधारक, धर्मात्मा, और परोपकारी थीं. उनका जन्म चैत्र मास कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी के रहने वाले रामशाह तेल व्यापारी के घर हुआ था, विद्वानों ने उन्हें भगवान का उपासक बताया और उनका नाम कर्माबाई रखा।

माता कर्माबाई की 1009 वीं जन्म जयंती के इस अवसर पर निवास क्षेत्र के समग्र साहू समाज ने हर्षोल्लास पूर्वक माँ कर्माबाई की पूजा अर्चना कर भव्य झांकी निकाली, जो खेरमाई मंदिर से चलकर नगर भ्रमण करते हुये राममंदिर पहुँची एवं माँ कर्मा की जयघोष के साथ मंगल भवन में जबलपुर जनपद उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में विशाल सभा का आयोजन हुआ जिसमें समाज के वरिष्ठ जनों का समाज के नाम उद्बोधन के साथ सांस्कृतिक प्रदर्शन किया गया, एवं सामाजिक उद्धार में समर्पित लोगों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये।

उक्त जयंती समारोह में रामेश्वर साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष जबलपुर, सुशील साहू, सारदा साहू, नारायण साहू, सदन साहू, गोपाल साहू,बलराम साहू,रामजी साहू, लक्ष्मण, संजय, बल्लू, अंकित, महेश साहू, राजेश, विवेक साहू, समीर साहू, कैलाश साहू, सतीश साहू, मनोज साहू, किस्सू साहू, रवि साहू, अमित साहू, त्रिलोक साहू, नमन, विनीत, संदीप, अशोक साहू, रोशन साहू, टेकचंद साहू, सीताराम साहू भारत साहू, उमेश साहू, सुशील साहू, हन्नी, प्रिंश के साथ महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

जीवन में सरलता से ही आगे बढना है संभव.....

मण्डला। शहर के बड़ी खैरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज पूजन, हवन एवं भण्डारा के साथ समापन होगा। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पं संतोष शास्त्री पदमी वाले ने भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान से ओत-प्रोत किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि सनातन धर्म का वह दिव्य वृक्ष है, जो मनुष्य को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को बताया कि भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उपदेशों का वर्णन है, जो मानव जीवन को धर्म, भक्ति और मोक्ष की ओर अग्रसर करता है। भागवत कथा आत्मशुद्धि का सर्वोत्तम माध्यम है। इससे व्यक्ति अपने जीवन के समस्त कष्टों का निवारण कर सकता है। कथा व्यास पं. संतोष शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मानव का जीवन सफल होता है। यदि मानव जीवन में सरलता होगी तभी वह आगे बढ़ सकेगा। आयोजकों ने बताया कि यहां 20 से 27 मार्च तक महिला मण्डली द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है, आज पूजन, हवन एवं भण्डारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

8 से ज्यादा राज्यों के लोग करेंगे उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा

*** परिक्रमा का दिखाई दे रहा जबरदस्त उत्साह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा का असर अब नर्मदा भक्तों के सिर चढ़कर बोल रहा है हर नर्मदा भक्त जीवन में एक बार नर्मदा परिक्रमा करने की मंशा एवं कामना करता है लेकिन परिक्रमा तो वही कर पाता है जिस पर माँ नर्मदा की विशेष कृपा होती है। माँ नर्मदा की पूरी परिक्रमा करने के लिये कम से कम 04 माह का समय तो चाहिये ही चाहिये और गृहस्थ जीवन का व्यक्ति लगातार 04 माह का समय घर परिवार से दूर नहीं निकाल पाता उस पर काम की एवं परिवार की ऐसी जिम्मेदारी होती है जिसे छोड़ना आसान नहीं और फिर परिवार के दूसरे लोग भी उस पर आश्रित होते हैं लिहाजा घर छोड़कर जाना संभव नहीं और यही एक कारण है कि चैत्र माह में होने वाली नर्मदा परिक्रमा में शामिल होकर ये नर्मदा भक्त अपनी मंशा पूर्ण कर पाते हैं। पुराणों में उल्लेख है कि चैत्र माह में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा करने से पूर्ण परिक्रमा का पुण्य लाभ हमकों प्राप्त होता है इसी पुण्य लाभ को प्राप्त करने लोग उत्तरवाहिनी परिक्रमा करने को उत्साहित रहते हैं। आज 27 मार्च को सामूहिक उत्तरवाहिनी परिक्रमा सुबह 06 बजे से प्रारंभ हो रही है यह परिक्रमा किले घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर से प्रारंभ होगी इस परिक्रमा में लगभग 08 राज्यों के नर्मदा भक्त शामिल होने मण्डला पहुंच चुके हैं। इसके अलावा और भी ऐसे नर्मदा भक्त हैं जो फिलहाल नर्मदा परिक्रमा में शामिल होने सुबह पहुंचेंगे लेकिन उनकी अधिकारिक जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं है। मण्डला नगर एवं मण्डला नगर के आसपास के सैकड़ों ऐसे ग्राम हैं जहां के लोग समूह के माध्यम से परिक्रमा करने मण्डला आ रहे हैं लोग परिवार सहित अपने मित्रों के साथ एवं बहुत सी ऐसी धार्मिक मण्डली हैं जो परिक्रमा में शामिल हो रहे हैं। परिक्रमा को लेकर पूरा कार्यक्रम सार्वजनिक किया जा चुका है जिसके अनुसार प्रथम दिवस -प्रातः 6.00 बजे श्री व्यास नारायण महादेव मंदिर, किलाघाट में एकत्रीकरण होगा। 6.30 बजे पूजन उपरांत तट परिवर्तन झूला पुल/नाव से पुरवा सरस्वती प्रस्त्रवण तीर्थ होते हुये बजे त्रिवेणी संगम पहुंचेगी जहां अल्पाहार की व्यवस्था की गई है यहां से 8.30 बजे कारीकोन तिराहा दादा धनीराम समाधि को प्रणाम करते हुये मानादेही श्री घुंघरू वाले दादा जी आश्रम सहस्त्रवर्णी तीर्थ के रास्ते कोठी घाट आश्रम-सिलपुरा आश्रम यात्रा पहुंचेगी जहां पर दोपहर का भोजन और विश्राम होगा यहां से यात्रा प्रस्थान करके घाघा हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचेगी जहां संध्या आरती एवं रात्रि कार्यक्रम होंगे। द्वितीय दिवस-प्रातः 6.00 बजे घाघा से घाघी घाट पहुंचकर नाव के माध्यम से तटपरिवर्तन करके बबैहा घाट में जंगल-मंगल बाल भोग प्रसादी ग्रहण करते हुये परिक्रमा आगे बढ़ेगी।

जन्मदिवस | **नर्मदा महाआरती एवं सेवा कार्य कर मुख्यमंत्री के यशस्वी जीवन की कामना की।**

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस

*** सहभोज कर जनसेवार्थ किया आर्थिक सहयोग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले के समस्त भारतीय जनता पार्टी के मंडलों में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के जन्म दिवस के अवसर पर विभिन्न सेवा के कार्यक्रम आयोजित कर उनका जन्मदिन मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा के मार्गदर्शन में मंडला नगर में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नगर में संचालित दीनदयाल रसोई में दीन बंधुओं के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने सहभोज कर जनसेवार्थ दीनदयाल रसोई में आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

तत्पश्चात सेवा भारती बैगा छात्रावास आश्रम में छात्रों को फल वितरण किया गया,जिला अध्यक्ष ,सहित नगर के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काट कर मिठाई बांटी तथा आतिशबाजी की। मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव के यशस्वी जीवन की मंगल कामना को लेकर माहिष्मती घाट मंडला में मां नर्मदा जी भव्य महा आरती की गई,जिसमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि पदाधिकारी सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे, इस अवसर पर प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि हम सभी ने मां नर्मदा जी की महाआरती, पूजा अर्चना कर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए मां नर्मदा जी से प्रार्थना की है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़े एवं जन कल्याण लोक कल्याण के पथ पर कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार संकल्प के साथ आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने के मिशन में निरंतर आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव जी के नेतृत्व प्रदेश वासियों को निरंतर प्रगति का मार्ग मिल रहा है।मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर मंडला जिले में सेवा कार्य सहित धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन किए गए जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक जन उपस्थित रहे।आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा नगर अध्यक्ष रानू राजपूत भाजपा पदाधिकारी महिला मोर्चा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

तीन ने मिलकर की गई मारपीट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पुआरिया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै गाडरवारा इन्द्रा कालोनी निवासी दिनेश साहू के मकान में रहते हुये पढ़ाई कर रहा हूं। बीते हुये दिवस मेरी अनुराग कौरव निवासी आजासद वार्ड के सामने रहने वाले से बुराई चल रही है। जब मै अपने साथी गौरव मिर्धा के साथ आदित्य पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम देखने के लिये राजवंश होटल गया हुआ था उसी दौरान अनुराग कौरव तथा उसका साथी मोहित पटैल व मधुर सासानी मिला जो पुरानी बुराई को लेकर एक राय होकर तीनों ने गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

कार की टक्कर से पहुंची चोट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस दीपक पिता मुलायम साहू उम्र 31 वर्ष निवासी सालीचौका द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से साथी घनश्याम के साथ कही गया था और वापिस सालीचौका आ रहा था उसी समय गाडरवारा पिपरिया रोड पर एक काले रंग की वेन्यू कार क्रमांक MP04ZB0024 के चालक द्वारा तेज गित व लापरवाही पूर्वक अपनी कार को चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई जिसके चलते पुसिल ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

ट्रक ने ट्रेक्टर को मारी टक्कर, चालक को पहुंची चोट टूट गया ट्रेक्टर

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम छितापार निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस मैं मेरा साथी आकाश कौरव दोनो अपने -अपने ट्रेक्टर से गन्ना लेकर मोहपानी सुगर मिल मिल जा रहे थे । मेरे आगे आकाश ट्रेक्टर लेकर चल रहा था मैं उससे करीबन 1 किलो मीटर पीछे चल रहा था तभी मुझे मेरे साले के लड़के आकाश पिता ओमप्रकाश कौरव उम्र 25 साल निवासी ग्राम चोर बरहेटा का फोन आया और उसने बताया कि मैं रिलायंस पेट्रोल पंप के पास घाट चढ़ रहा था उसी समय एक ट्रक क्रमांक HR55V0185 द्वारा अपने ट्रक को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते जहां ट्रेक्टर टूट गया और आकाश को चोटे आई है। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस द्वारा व्हीकल एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

लाठी मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये नगर के माता वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह मजदूरी कार्य करने के बाद वापिस घर आ रहा था उसी दौरान रोड पर मुहल्ले का भूरा जावट नामक युवक मिला और पुरानी बुराई की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से पच्चीस एकड़ से अधिक की फसल जलकर हुई राख...?

मारेगांव क्षेत्र के लगभग 15 किसानों के सपनों को आग की चिंगारी ने चंद मिनिटों के अंदर जलाकर कर दिया खाक

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। निश्चित तौर से जब किसान अपने खेत में किसी फसल को लगता है तो उसको लेकर वह अपने प्रकार के सपने संजोते हुये ही इस उम्मीद के साथ काम करता है कि इस फसल के आने के बाद वह अपनी बेटी की शादी करेगा या फिर बैक को कर्ज चुकाने के साथ बेटी बेटों का भरण पोषण करने की सोच बनाते हुये सिर्फ एक गोदरी व रोजी खाते हुये दिन रात खेत में ही बैठा रहता है। मगर जब वह फसल तैयार होकर कटने की स्थिति में पहुंचती है तो अन्नदाता को या प्रकृति का प्रकोप आंखों में आंसू ला देता है या फिर किसी व्यक्ति द्वारा की जाने वाली लापरवाही माटी पुत्र के सपनों को चूर चूर कर देती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये बुधवारर को समीपस्थ ग्राम मारेगांव क्षेत्र में लगभग 15 किसानों के साथ देखने मिली जिनके खेतों में तैयार होकर कटने के लिये खड़ी हुई गेंहू फसल में अचानक आग लग जाने के कारण देखते ही देखते हुये चंद मिनिटों के अंदर जिस तरह जलकर खाक हो गई और माटी पुत्र अन्नदाता अपनी खेतों में रात दिन एक करते हुये तैयार की गई अपने बच्चों का पेट

पालने सहित अन्य जरूरी कार्यो को लेकर इस फसल को लेकर संजोये गये सपने को बर्बाद होते हुये देखने के लिये मजबूर होकर रह गया। बताया जाता है कि मारेगांव क्षेत्र में बीते बुधवार को किसानों के खेतों में खड़ी हुई गेंहू फसल में दोपहर 12 बजे अचानक लगी हुई आग के चलते लगभग 25 एकड़ की अधिक की फसल बर्बाद होने से नही बच पाई है। इस तरह खेतों में लगी हुई आग की सूचना मिलने पर गाडरवारा, चीचली सहित सालीचौका नगर परिषद की फायर बिग्रेड मशीने आग पर काबू पाने के लिये पहुंचकर बुझाते हुये तो देखी गई। मगर आग का इस तरह विकराल रूप था कि जब यह मशीन एक स्थान से काबू पाने का प्रयास करते हुये देखी जा रही थी तो आग दूसरी ओर से अपना रोद्र रूप धारण करते हुये दिखाई देने लगती थी। इस तरह आग पर जब काबू पाने में सफलता मिली जब तक क्षेत्र के लगभग 15 किसानों की 25 एकड़ से अधिक की गेंहू फसल को खाक में बदल दिया गया। इस तरह दिन रात एक करते हुये तैयार की गई फसल को देखते हुये अन्नदाताओं के परिजन मौके पर मौजूद रहते हुये अपने आंखों में सिर्फ आंसू बहाते हुये देखे गये। अभी तक यह बात का पता तो नही चल पाया है कि आखिर कार खेतों में खड़ी हुई फसल में आग कैसे लगी। क्योंकि बताया जाता है कि जब यह आगजन की घटना घटित हुई है उस दौरान क्षेत्र के विद्युत सप्लाई भी बंद चल रही थी। इस स्थिति में बिजली से निकलने वाली चिंगारी से आग लगने की बात तो कही ही नही जा सकती है..? इसी के चलते यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद इस मार्ग से निकलते हुये किसी व्यक्ति द्वारा बीड़ी या फिर सिगरेट पीते हुये फैकी गई होगी या फिर किसी किसान द्वार अपने खेत में काटी गई फसल की नरबाई में आग लगाने के चलते हवा में कोई चिंगारी यहां तक उड़कर पहुंचने के चलते यह घटना घटित हुई हो..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो खेतों में नरबाई को लेकर बीते हुये कुछ माह पहले जिला कलेक्टर द्वारा सख्त आदेश जारी करते हुये कहा गया था कि यदि कोई भी किसान अपने खेतों में धान या फिर गेंहू फसल काटने के बाद नरबाई में आग लगाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। मगर यह आदेश सिर्फ अखबारों की सुर्खिया बनने के बाद कागजों तक सीमित होकर रह जाने का परिणाम है कि अन्य दूसरे किसानों की इस मनमानी के चलते अन्य किसानों को इस तरह भारी क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। यदि जिला कलेक्टर द्वारा नरबाई जलाने में लगाये गये प्रतिबंध आदेश का स्थानीय स्तर के अधिकारियों द्वारा पालन करते हुये कार्यवाही की गई होती तो निश्चित तौर अन्य किसानों को इस तरह अपनी फसलों को बर्बाद होते हुये देखने के लिये मजबूर न होना पड़ता। बुधवार को दोपहर में घटित हुई इस घटना के बाद भी सालीचौका क्षेत्र में रात होते ही अनेक किसानों में खड़ी हुई नरबाई में आग लगते हुये दिखाई देने से नही चूक रही थी। इस सच्चाई से यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि तहसील स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों के सामने जिला कलेक्टर का आदेश कोई महत्व नही रखता है या फिर जिला कलेक्टर द्वारा इस तरह के आदेश जारी करते हुये मात्र औपचारिकता ही निभाई जाती है..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने। मगर इस तरह खेतों में फसलों की कटाई के बाद नरबाई में लगाई जाने वाली आग पर यदि समय रहते हुये शासन प्रशासन द्वारा अंकुश नही लगाया गया तो निश्चित तौर से आने वाले दिनों में इस तरह अन्य किसानों की फसलों को भी बर्बाद होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

सालीचौका नगर परिषद क्षेत्र में मा.उच्च न्यायालय के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की निभाई औपचारिकता..?

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। अक्सर देखा जाता है कि प्रभावशाली लोग जिस तरह शासकीय भूमि को अपने कब्जे में लेते हुये अतिक्रमण किया जाता है कि उस दौरान अधिकारियों की अनदेखी कही जावे या फिर मिलीभगत का परिणाम जिसके चलते इस तरह सरकारी भूमि भूमाफियों के कब्जे में होने से नही बच पाती है। प्रशासन में बैठे हुये अधिकारियों की आंखे तक खुलती है जब इस तरह शासकीय भूमि पर होने वाले अतिक्रमण को लेकर किसी के द्वारा शिकायत की जाती है या फिर मा.न्यायालय द्वारा हस्ताक्षेप करने के लिये मजबूर होना पड़ता है..? मगर इसके बाद भी राजस्व विभाग में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा आदेश के परिपालन में अतिक्रमण हटाने की औपचारिकता निभाते हुये कार्यवाही पर इतिश्री करने से नही चुकते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर परिषद सालीचौका के अंतर्गत आने वाले ग्राम केसला यानि की शिवाजी वार्ड में देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि मा. उच्च न्यायालय के आदेश के चलते राजस्व व पुलिस विभाग की टीम द्वारा यहां पर फैले हुये कई एकड़ जमीन को अतिक्रमण हटाने के लिये पहुंची थी तो मगर चंद जमीन पर अतिक्रमण हटाते हुये इतिश्री करने की चर्चाये सुनाई दे रही है..? बताया जाता है कि यहां पर कुछ प्रभावशाली लोगों पर राजस्व रिकार्ड में शासन के नाम पर दर्ज भूमि पर अतिक्रमण करते हुये फसल पैदा की जा रही थी। जिसको लेकर लोगों द्वारा स्थानीय अधिकारियों से लगातार शिकायत किये जाने के बाद भी उनके द्वारा इस अतिक्रमण को हटाने के नाम पर दिन में तारे दिखाई देने जैसी स्थिति पैदा होने के चलते जहां अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पा रहे थें। मगर जब इस शासकीय भूमि पर

हुये अतिक्रमण को लेकर कुछ समाजसेवियों द्वारा मा.उच्च न्यायालय की शरण में पहुंचकर सच्चाई से अवगत कराया गया तो उच्च न्यायालय द्वारा इस तरह शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों से शीघ्र की मुक्त कराये जाने के आदेश दिये जाने पर बुधवार को राजस्व विभाग सहित पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद रहते हुये अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुये तो देखा गया। इस दौरान मुख्य रूप से नायब तहसीलदार नीलम श्रीवास्तव, पटवारी कुमार पटैल, आर आई के आलवा पटवारी गजेन्द्र वर्मा, ग्राम कोटवार ग्राम सहावन, ग्राम कोटवार अर्जुनगांव दीपक, मारेगांव मौजा पटवारी सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी भवानी प्रसाद शर्मा के आलवा कार्यवाही अध्यक्ष जितेन्द्र राय, लीलाधर मेहरा, पार्षद ममता अग्रवाल, संतोष अग्रवाल मौजूद रहे। क्षेत्र के लोगों सहित शिकायत कर्ता का आरोपी है कि प्रशासन की टीम द्वारा चंद भूमि पर अतिक्रमण हटाये जाने की औपचारिकता पूर्ण किये जाने की चर्चाये सुनी जा रही है..? इस तरह मा.उच्च न्यालाय की शरण में जाने वाले लोगों का आरोप है कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जिस तरह अतिक्रमण हटाने की औपचारिकता निभाई गई है वह मा.न्यायालय के आदेश पूर्ण रूप परिपालन न करते हुये सिर्फ औपचारिकता ही निभाई गई है। यह बात कहा तक सही है इसे तो विभाग के अधिकारी ही जाने..? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि राजस्व विभाग द्वारा हर हल्का में पटवारी से लेकर राजस्व निरीक्षक सहित उस क्षेत्र के लिये राजस्व अधिकारी की नियुक्ति इस सोच को लेकर की जाती है कि वह क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते हुये इस तरह शासकीय भूमि का लेखा जोखा रखते हुये उसकी निगरानी की जावे। मगर इसके बाद भी यदि इस तरह अतिक्रमणकारी शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने में सफल हो जाते है तो निश्चित ही राजस्व विभाग द्वारा इस क्षेत्र में पदस्थ इस तरह के जिम्मेदार अधिकारी यानि की पटवारी हो या फिर राजस्व निरीक्षक आर आई सहित क्षेत्र में तहसीलदार की मिली भगत के बगैर तो संभव हो ही नही सकता है..? इस तरह क्षेत्र में नियुक्त राजस्व विभाग के इस तरह जिम्मेदार माने जाने वाले अधिकारियों द्वारा अपनी डियूटी के दौरान किस बात का ध्यान रखा गया जिसके चलते यह सरकारी भूमि वर्षो तक इस तरह अतिक्रमण कारियों के अधीन रहते है उस भूमि पर लाखों की फसल पैदा करते हुये अपनी जेबे भरते रहे..? इस तरह अतिक्रमण मुक्त कराये जाने के बाद इस क्षेत्र में पदस्थ रहने वाले राजस्व विभाग के उन कर्मचारियों व अधिकारियों पर भी कार्यवाही होना शुरू हो जावे तो निश्चित तौर से इस तरह शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त होने में देर नही लगेगी..? सही मायने में देखा जावे तो हल्का पटवारी के पास संपूर्ण भूमि का रिकार्ड मौजूद रहता है जिसमें इस बात की जानकारी होती है कि कहा पर शासकीय भूमि है और कहा पर निजी भूमि है। मगर इसके बाद भी पटवारी द्वारा सरकारी भूमि पर होने वाली अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि सरकारी भूमि भू माफियों की भेंट चढते हुये चली जा रही है।

दादा धूनी नगरी सांईखेड़ावासी शिवजी की भक्ति में हो रही लीन

संत शिवानंद महाराज ने सुनाई शिव विवाह की कथा

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा । आजीवन परिक्रमा वासी संत शिवानंद महाराज के सानिध्य में दादाजी धूनी वालों की नगरी साईंखेड़ा में चल रहे 21 दिवसीय शिव महापुराण कथा में बताया कि शिवजी की कथा बडे ही सौभाग्य से सुनने के लिये मिलती है। इस दौरान उन्होंने शिवजी के विवाह का वर्णन सुनाते हुये कहा कि शिव विवाह कथा को भारत की आध्यात्मिक कथाओं में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। जब शिव और पार्वती का विवाह होने वाला था, तो एक बड़ी सुंदर घटना हुई। उनकी शादी बहुत ही भव्य पैमाने पर हो रही थी। इससे पहले ऐसी शादी कभी नहीं हुई थी। शिव - जो दुनिया के सबसे तेजस्वी प्राणी थे - एक दूसरे प्राणी को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले थे। उनकी शादी में बड़े से बड़े और छोटे से छोटे लोग शामिल हुए। सभी देवता तो वहां मौजूद थे ही, साथ ही असुर भी वहां पहुंचे। आम तौर पर जहां देवता जाते थे, वहां असुर जाने से मना कर देते थे और जहां असुर जाते थे, वहां देवता नहीं जाते थे।उनकी आपस में बिल्कुल नहीं बनती थी। मगर यह तो शिव का विवाह था, इसलिए उन्होंने अपने सारे झगड़े भुलाकर एक बार एक साथ आने का मन बनाया। शिव पशुपति हैं, मतलब सभी जीवों के देवता भी हैं, तो सारे जानवर, कीड़े-मकोड़े और सारे जीव उनकी शादी में उपस्थित हुए। यहां तक कि भूत-पिशाच और विक्षिप्त लोग भी उनके विवाह में मेहमान बन कर पहुंचे। यह एक शाही शादी थी, एक राजकुमारी की शादी हो रही थी, इसलिए विवाह समारोह से पहले एक अहम समारोह होना था।इस दौरान जब वर-वधू दोनों की वंशावली घोषित की जानी थी। एक राजा के लिए उसकी वंशावली सबसे अहम चीज होती है जो उसके जीवन का गौरव होता है। तो पार्वती की वंशावली का बखान खूब धूमधाम से किया गया। यह कुछ देर तक चलता रहा। आखिरकार जब उन्होंने अपने वंश के गौरव का बखान खत्म किया, तो वे उस ओर मुड़े, जिधर वर शिव बैठे हुए थे। सभी अतिथि इंतजार करने लगे कि वर की ओर से कोई उठकर शिव के वंश के गौरव के बारे में बोलेगा। मगर किसी ने एक शब्द भी नहीं कहा और वधू का परिवार ताज्जुब करने लगा। 'क्या उसके खानदान में कोई ऐसा नहीं है जो खड़े होकर उसके वंश की महानता के बारे में बता सके?' मगर वाकई कोई नहीं था। वर के माता-पिता, रिश्तेदार या परिवार से कोई वहां नहीं आया था। क्योंकि उसके परिवार में कोई था ही नहीं। वह सिर्फ अपने साथियों, गणों के साथ आया था जो विकृत जीवों की तरह दिखते थे। वे इंसानी भाषा तक नहीं बोल पाते थे और अजीब सी बेसुरी आवाजें निकालते थे। वे सभी नशे में चूर और विचित्र अवस्थाओं में लग रहे थे।भगवान शिव ने धारण किया मौन फिर पार्वती के पिता पर्वत राज ने शिव से अनुरोध किया, 'कृपया अपने वंश के बारे में कुछ बताइए।' शिव कहीं शून्य में देखते हुए चुपचाप बैठे रहे। वह न तो दुल्हन की ओर देख रहे थे, न ही शादी को लेकर उनमें कोई उत्साह नजर आ रहा था। वह बस अपने गणों से घिरे हुए बैठे रहे और शून्य में घूरते रहे। वधू पक्ष के लोग बार-बार उनसे यह सवाल पूछते रहे क्योंकि कोई भी अपनी बेटी की शादी ऐसे आदमी से नहीं करना चाहेगा, जिसके वंश का अता-पता न हो। उन्हें जल्दी थी। क्योंकि शादी के लिए शुभ मुहूर्त तेजी से निकला जा रहा था। मगर शिव मौन रहे। समाज के लोग, कुलीन राजा-महाराजा और पंडित बहुत घृणा से शिव की ओर देखने लगे और तुरंत फुसफुसाहट शुरू हो गई, 'इसका वंश क्या है? यह बोल क्यों नहीं रहा है? हो सकता है कि इसका परिवार किसी नीची जाति का हो और इसे अपने वंश के बारे में बताने में शर्म आ रही हो।'फिर नारद मुनि, जो उस सभा में मौजूद थे, उन्होने यह सब तमाशा देखकर अपनी वीणा उठाई और उसकी एक ही तार खींचते रहे। वह लगातार एक ही धुन बजाते रहे – टोइंग टोइंग टोइंग। इससे खीझकर पार्वती के पिता पर्वत राज अपना आपा खो बैठे और वाले की यह क्या बकवास है। हम वर की वंशावली के बारे में सुनना चाहते हैं । मगर वह कुछ बोल नहीं रहा। क्या मैं अपनी बेटी की शादी ऐसे आदमी से कर दूं और आप यह खिझाने वाला शोर क्यों कर रहे हैं। क्या यह कोई जवाब है। तो नारद ने जवाब दिया, 'वर के माता-पिता नहीं हैं। राजा ने पूछा, 'क्या आप यह कहना चाहते हैं कि वह अपने माता-पिता के बारे में नहीं जानता। नारद जी ने कहा 'नहीं, इनके माता-पिता ही नहीं हैं। इनकी कोई विरासत नहीं है। इनका कोई गोत्र नहीं है। इसके पास कुछ नहीं है। इनके पास अपने खुद के अलावा कुछ नहीं है।' पूरी सभा चकरा गई। पर्वत राज ने कहा, 'हम ऐसे लोगों को जानते हैं जो अपने पिता या माता के बारे में नहीं जानते। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति हो सकती है। मगर हर कोई किसी न किसी से जन्मा है। ऐसा कैसे हो सकता है कि किसी का कोई पिता या मां ही न हो।' नारद ने जवाब दिया, 'क्योंकि यह स्वयंभू हैं। इन्होंने खुद की रचना की है। इनके न तो पिता हैं न माता। इनका न कोई वंश है और न परिवार। यह किसी परंपरा से ताल्लुक नहीं रखते और न ही इनके पास कोई राज्य है। इनका न तो कोई गोत्र है, और न कोई नक्षत्र। न कोई भाग्यशाली तारा इनकी रक्षा करता है। यह इन सब चीजों से परे हैं। यह एक योगी हैं और इन्होंने सारे अस्तित्व को अपना एक हिस्सा बना लिया है। इनके लिए सिर्फ एक वंश है – ध्वनि । आदि, शून्य प्रकृति ने जब अस्तित्व में आई, तो अस्तित्व में आने वाली पहली चीज थी – ध्वनि। इनकी पहली अभिव्यक्ति एक ध्वनि के रूप में है। ये सबसे पहले एक ध्वनि के रूप में प्रकट हुए। उसके पहले ये कुछ नहीं थे। यही वजह है कि मैं यह तार खींच रहा हूं।

सेन जागृति संघ की बैठक में आयोजन को लेकर लिये निर्णय, जयंती पर निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। स्थानीय माल गुजारी मोहल्ला में राजेन्द्र श्रीवास के निवास पर बीते हुये दिवस सेन जयंती के आयोजन को लेकर सेन जागृति संघ की बैठक आयोजित की गई । बताया जाता है कि इस बैठक में उपस्थित पदाधिकारियो एवं सामाजिक बंधुओ ने सेन जयंती के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए कई विषयों पर चर्चा की गई। वही आने वाले माह यानि की 25 अप्रैल को सेन जयंती के 51 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में सामाजिक झांकियों के साथ चल समारोह निकाले जाने का निर्णय लेने के साथ शक्कर नदी छिड़ाब घाट से चल समारोह प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर शनि मंदिर ऑडिटोरियम पहुचेगा वहा पर समापन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के सामाजिक बंधुओ को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। वही चल समारोह में सेन सामाज के परिवार जन एवं महिलाओं को भी शामिल करने पर चर्चा हुई। बताया जाता है कि आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर में समिति का गठन किया गया है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक बंधुओ से संपर्क करने के लिए वरिष्ठ जनों की समिति का बनाई गई है । वही चल समारोह की बेहतर व्यवस्था के लिए समिति गठित की गई है। कार्यक्रम स्थल एवं भोजन व्यवस्था हेतु भी समिति गठित की गई है । बैठक में सभी से अनुरोध किया गया कि आगामी माह में होने वाले जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी सामाजिक बंधु एक जुट होकर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम करने में अपना सहयोग पर बल दिया गया। वही आयोजन के संदर्भ में आगामी मंगलवार को सेन जागृति संघ की बैठक जाएगी जिसमे पूर्व में हुई बैठक की समीक्षा के साथ आगामी कार्य योजना तैयार कर महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी ।

क्षेत्र में कागजों में चल रहे अनेक आंगनबाडी केंद्र

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्धेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है, मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं,बच्चों को नही मिल पा रहा है?जबकि इनके लिए सरकार करोडो रूपए खर्च कर योजनाए बनाती है,इस बात की सच्चाई इस समय समीपस्थ जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिलता और न पढाई सुविधा मिल रही है, वही गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी नही मिल पा रहा है, जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्णरूप से होती रहती है, ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ,केंद्र प्रभारियों की सांठगांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल कर दिए जाते है? अनेक केंद्रों पर मनमर्जी है उन्हे आंगनबाडी केंद्र को कब बंद करना है, कब खोलना यह सब उसकी मनमर्जी पर होता है?वही संबंधित अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ियों में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण देखने मिलता है? केन्द्र की अनेक योजनाएं बंद-आगंनबाडी केंद्रों मे चलने वाली गर्भवती महिलाओं, बच्चों के कुपोषण रोकने, पोषण आहार, गोद भराई, अन्न प्रसान,वजन मेला जैसी कई योजनाएं बंद पडी हुई जान पड़ रही है और इन तमाम कार्यक्रम सिर्फ कागजी खानापूर्ति तक सीमित है? वही आंगबाडियों द्वारा बनाए गए महिला स्व सहायता समूह की भूमिका भी संदिग्ध नजर आने से भी नही चूक पा रही है, जिसमें फर्जी समूह बनाकर फायदा उठाये जाने की चर्चाएं आम होती चली जा रही है? वही बच्चों को जिस प्रकार से साप्ताहित चार्ट के अनुसार भोजन मिलना चाहिए वह सिर्फ कागजों में तो मिल रही है,मगर हकीकत में यह सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गई है?

लगातार बढ़ रही महंगाई के दौर में बेरोजगार युवा सड़कों पर भटकने हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज/ खुलरी। नौजवानो में कुछ नया करने का जज्बा और समाज में बदलाव लाने की ताकत होती है,किन्तु जब उन्हे सम्मान,कोई काम नही मिलता है तो उम्मीदों से भरी उनकी ऑखो की चमक गायब होने लगती है और उनकी सक्रियता खत्म होने से वे परिवार पर बोझ बनने के साथ ही कुंठित होने लगते है। बदनसीबी की बात है कि शहर व क्षेत्र के गांवो में इन दिनों महॅगाई के अलावा युवाओं की बेरोजगारी की समस्या आमलोंगो को परेशान कर रही है। बताया गया है कि क्षेत्र में कालेजों से डिग्रियॉ लेने वाले हजारों युवा लम्बे अरसे से बेरोजगारी का दंश झेल रहे है, हालत यह है कि जिला रोजगार कार्यालय में वर्षो से पंजीयन कराने के बाद भी उन्हे ऐसी छोटी नौकरी भी नही मिल पा रही है,जिसके सहारे वे अपने घरो में खुशिया बिखरा सके , शहर के हालात पर यदि नजर डाली जाए तो यह सच्चाई उभरकर सामने आने लगी है कि शहरों में चलने वाले कोचिंग सेन्टरो, महाविद्यालय, स्कूलो, सायवर कैफो से किताबी, तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर हर वर्ष हजारों की तादाद में युवा निकलते है, पर वह प्रतिभा वान होने के बावजूद उनको नौकरी की तलाश में दर दर भटकना पड़ता है, इनमें से कुछ नौजवान अनचाहा धंधा करने लगते हैं और कुछ शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं के फैले शोषण के जाल में उलझ कम तनख्वाह लेकर बच्चों को पढ़ानें लगते है और बहुत से बेरोजगार युवा ऐसे भी होते है जो बेकारी से तंग होकर मजबूरी वश ऐसे अवैध काम करने लगते है, जो उनके स्वभाव के विपरीत होते है। क्षेत्र में बेरोजगारो की संख्या में ईजाफा होने के कारण नौजवानो के भविष्य को लेकर अब क्षेत्र में चिंता की लहर दौड़ती प्रतीत हो रही है। विदित हो कि क्षेत्र में जब फैक्ट्रियॉ लगी थी, तो ऐसा लगा था कि क्षेत्र में नए रोजगार के अवसरो का सृजन होगा, लेकिन दुर्भाग्य से उक्त उपक्रमो में क्षेत्रीय नौजवानो को 25 प्रतिशत भी नौकरियॉ नसीब नही हुई? जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में निरंतर बेरोजगार युवाओं की फौज बढ़ती रही और बेरोजगारी की समस्या ने जाटिल रूप धारण कर लिया। गौरतलब है कि आमतौर पर नौजवान स्वाभिमानी, जोशीले होते है, इसलिए बेकारी से तंग होने के बावजूद वे अपने दर्द का इजहार करने में संकोच करते है मगर इस उलट हकीकत यह रहती है कि नेता व साधन सम्पन्न बेरोजगार युवाओं को उपेक्षित करने लगते है तथा उनकी जिंदगी में कुछ नया करने की उमंग क्षीण होने लगती है, इस प्रकार से देखा जावे तो क्षेत्र में बेकार युवाओं की तादाद बढ़ते जाना सचमुच चिंताजनक बात है क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की व्यवस्था, सरकार स्तर के नए, औद्योगिक प्रतिष्ठान, रोजगार के अवसरो के सृजन, बेरोजगार युवाओं के हो रहे आर्थिक शोषण पर अंकुश लगाना अब समय की मॉग है, जिस पर तवज्जो देकर जनप्रतिनिधियो, शासकीय अधिकारियो, समाजसेवी संस्थाओं को क्षेत्र मिटाने सार्थक कदम उठाना चाहिए ताकि क्षेत्र के हर शिक्षित नौजवान को नौकर मिल सके और वह गर्व के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके।

खबर संक्षेप

नवोदय विद्यालय में चयनित होकर यशवंत राजपूत ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

डिण्डौरी । समनापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत नानडिंडौरी निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी विष्णु सिंह राजपूत के सुपुत्र यशवंत राजपूत ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 6 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। यशवंत राजपूत सरस्वती शिशु मंदिर, समनापुर में कक्षा 5वीं के छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। यशवंत की सफलता पर दिगंबर राजपूत, श्रवण गौतम, मनोज चंदेल, संतराम ठाकुर, गणेश राजपूत, इंद्रकुमार चंदेल सहित कई लोगों ने उन्हें प्रेरित किया और बधाई संदेश प्रेषित किए। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगी।

पत्रकार के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज करने पर पत्रकार परिषद आज सौंपेगा ज्ञापन

अनूपपुर। भोपाल के पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ फर्जी अपराध पंजीबद्ध किए जाने के विरोध एवं निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद इकाई अनूपपुर द्वारा आज 27 मार्च गुरूवार की दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपेगें। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि राजधानी भोपाल में पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ कटारा हिल्स थाना पुलिस द्वारा द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक्सीडेंट केस में अड़ीबाजी का झूठा प्रकरण बनाते हुए एफआईआर दर्ज कर आधी रात को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा षड्यंत्रपूर्ण तरीके से पत्रकार कुलदीप के साथ किए गए उक्त अनैतिक कृत्य के विरोध में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर एवं ब्लॉक इकाई के सभी पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य 27 मार्च गुरूवार समय दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगें। ज्ञापन में परिषद द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया पर फर्जी प्रकरण दर्ज करने वाले थाना प्रभारी को बर्खास्त किया जाए साथ ही थाना प्रभारी के ऊपर फर्जी मुकदमा दायर करने का आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जाए। पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया के खिलाफ पंजीबद्ध अपराध को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा फर्जी अपराध पंजीबद्ध करने के मामले मंख शामिल निष्पक्ष जांच करते हुए मामले में शामिल अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही किए जाने की मांग शामिल है।

अलंकृता महिला समिति ने खदान प्रभावित ग्राम दैखल में बांटे मच्छरदानी

अनूपपुर। श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर के तत्वाधान में किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उतरदायित्व को निभाते हुए जमुना कोतमा क्षेत्र की अलंकृता महिला समिति द्वारा खदान प्रभावित ग्राम पंचायत दैखल में 50 जरूरतमंद महिलाओं एवं वृद्धों को मच्छरदानी का वितरण किया। इस कार्यक्रम में अलंकृता महिला समिति की अध्यक्षा ने महिलाओं को मच्छरदानी वितरण के साथ सभी को मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया और इससे बचने की सलाह दी। कार्य का आयोजन अलंकृता महिला समिति के अध्यक्षा श्रीमती किशोरी त्रिपाठी के दिशानिर्देश व मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। श्रीमती रुची हस्ते, श्रीमती दानेश्वरी कुमार, श्रीमती जयश्री मजुमदार, श्रीमती दया द्रीवेदी, श्रीमती अंजू दयाल, श्रीमती कमलश्री जैन, श्रीमती पूनम चौधरीउपस्थित थे जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत खजरी का औचक निरीक्षण किया

कलेक्टर ने बुधवार को कार्यालय ग्राम पंचायत खजरी का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में संचालित निर्माण कार्यों, योजनाओं आदि के संचालित कार्यों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना के किश्तों के बारे में जानकारी ली।

डिण्डौरी ।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर लोकेश नारनोरे, नायब तहसीलदार अमरपुर सुंदरलाल यादव डीपीसी रावेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीआईयू बी.एल. भलावी, कार्यपालन यंत्री ग्रा.यां.से. दीपसिंह आर्मो सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र खजरी माल का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली, सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों के बारे में जानकारी लेते हुए पोषण आहार वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। तदोपरांत उन्होंने सह-आरोग्य केंद्र खजरी माल का भी निरीक्षण किया और आरोग्य केन्द्र में दवाईयां, वितरण पंजी आदि का मुआयना करते हुए तत्सबंध में अधिकारियों को निर्देशित किए। कलेक्टर मारव्या ने एकीकृत प्राथमिक शाला खजरी माल का निरीक्षण की और विद्यालय में शिक्षकों की सूची पटल बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। स्कूल परिसर में बाउड्रीवॉल का निर्माण कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने ग्राम पंचायत खजरी माल में सामुदायिक स्वच्छता परिसर में पानी उपलब्ध कराने और पंचायत में संचालित अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत पड़रिया किया निरीक्षण

डिण्डौरी । कलेक्टर मारव्या ने ग्राम पंचायत पड़रिया में आंगनवाड़ी केन्द्र और प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से भोजन, पोषण आहार, वितरण पंजी आदि की जानकारी ली। आंगनवाड़ी केन्द्र में मौजूद बच्चों से वन-टू-वन संवाद किया और उनके शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर मारव्या ने प्राथमिक शाला पड़रिया का निरीक्षण किया, उन्होंने शिक्षक सूची पटल बोर्ड पर लगाने के निर्देश दिए और कक्षा में अध्ययनरत बच्चों से गणित के सवाल हल कराये। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक में सुधार करने और नियमित रूप से अध्यापन कार्य कराने के लिए शिक्षकों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल प्रभारी समीक्षा कुशवाहा को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु डीपीसी को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर लोकेश नारनोरे, नायब तहसीलदार अमरपुर सुंदरलाल यादव डीपीसी रावेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीआईयू बी.एल. भलावी, कार्यपालन यंत्री ग्रा.यां.से. दीपसिंह आर्मो सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने कार्यालय जनपद पंचायत अमरपुर का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर ने बुधवार को कार्यालय जनपद पंचायत अमरपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में सभाकक्ष, कॉन्फ्रेंस रूम, स्थापना शाखा एवं अन्य कक्षों का अवलोकन किया। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, कार्यालय की पुताई, लाइट व्यवस्था, प्रोजेक्टर एवं शौचालय में स्वच्छता बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद पंचायत अमरपुर द्वारा खेत तलाब, नाडेप, कपिलधारा, कैटलसेड, ग्रेवल रोड, चेकडैम, रेन वॉटर, हार्वेस्टिंग, शासकीय भवनों निर्माण, ग्राम पंचायतों में सड़क किनारे वृक्षारोपण के संबंध में सीइओ अमरपुर से जानकारी ली और सभी कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, सीईओ जनपद पंचायत अमरपुर लोकेश नारनोरे, नायब तहसीलदार अमरपुर सुंदरलाल यादव डीपीसी रावेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीआईयू बी.एल. भलावी, कार्यपालन यंत्री ग्रा.यां.से. दीपसिंह आर्मो सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस का शिकंजा, 142 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त

डिंडौरी। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 142 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की है। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में टीम ने मौके पर दबिश दी।18 पेटी और 1 बोरी में रखी शराब की अनुमानित कीमत 2,30,000 रुपये बताई जा रही है। हालाँकि, आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस की टीम रही सक्रिय

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक श्रीमति वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, एसडीओपी के.के. त्रिपाठी, थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, उपनिरीक्षक संजय धुर्वे, त्रिवेणी मसराम, सहायक उपनिरीक्षक मुकेश बैरागी, अरुण पटेल, प्रधान आरक्षक रोहित पटेल, कोदूराम जोगी, दीपक पटेल, आरक्षक सतेन्द्र डहेरिया, देवेंद्र पटले, श्याम तिवारी, विनोद माहौर, महिला आरक्षक भगवती रावत, एवं चालक आरक्षक मनोज कुंजाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

पेयजल समस्या से जूझ रहे रसोई के वाशिंदे महिलाओं ने जनसुनवाई में लगाई फ़रियाद

जन सुनवाई में पहुँची दर्जनों महिलाएं, पेयजलापूर्ति कराने की मांग

डिण्डौरी ।

जिले में गर्मी के मौसम की आमद के साथ ही अनेकों गांवों में जल संकट गहराने लगा है, पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग को लेकर आए दिन ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर फरियाद लगा रहे हैं। मंगलबार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम रसोई ग्राम पंचायत बुडरुखी की दर्जनों महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

जनसुनवाई में पहुंची महिलाओं ने बताया कि नर्मदा नलजल योजना से पहले पानी मिलता था लेकिन वह भी 1 वर्ष से अधिक समय से बंद है।ग्राम रसोई में स्थित हेण्डपंप अब हवा उगल रहे हैं, जिससे स्थानीय वाशिंदे बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम रसोई के नदी, तालाब भी गर्मी आते ही सूख गए हैं, जिससे मवेशियों को भी जल संकट का सामना करना पड़ रहा हैं। महिलाओं ने कलेक्टर से मांग की है कि गांव में जल्द से जल्द नल कूप खनन कराया जाए और टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति की व्यवस्था की जाए।

आपातकालीन सेवा वाहन लोगों के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदवानी में सेवाएं दे रहे आपातकालीन सेवा वाहन 108 के सहयोग से लोगों को समय में उपचार मिल रहा है। आदिवासी बाहुल्य विकास खंड मेंहदवानी के लोगों में जागरूकता बढ़ी है और लोग एक्सीडेंट से लेकर सर्पदंश, गम्भीर बीमारी सहित अन्य आपात स्थिति में आपातकालीन सेवा वाहन 108 डायल करने लगे हैं जिससे लोगों को तत्काल चिकित्सा मिल रही है जिससे लोगों की जिंदगी बच रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में दो आपातकालीन सेवा वाहन 108 कार्यरत हैं जिसमें ईएमटी अभिषेक तिवारी, गोकुल प्रसाद एवं पायलट रामकुमार साहू और जजाक खान के द्वारा लगातार सेवाएं दी जा रही है।

बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार के लिए अनशन लगातार जारी

कोतमा। नगर की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार और आधा दर्जन से ज्यादा डॉक्टरों के खाली पड़े पद को लेकर पिछले 3 दिनों से नगरवासी एवं पूर्व पार्षद देवशरण सिंह, दीपक पटेल आमरण अनशन पर बैठे हैं। बुधवार को अचानक अनशनकारी देवशरण के स्वास्थ्य बिगाड़ने के कारण तत्काल जांच की गई। तीसरे दिन भी लगातार नगर वासियों का अनशन स्थल पहुंचने का सिलसिला बरकरार रहा।

जल्द सुलझेगा कोयला अधिकारियों के पे अपग्रेडेशन का मामला, मंत्रालय ने दिये संकेत

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जबलपुर हाइकोर्ट में चल रही सुनवाई

अनूपपुर। कोयला अधिकारियों के पे-अपग्रेडेशन का मामला जल्द सुलझ सकता है। सोमवार को दिल्ली में कोयला अधिकारियों के वेतन विसंगति को लेकर गठित समिति की बैठक सकारात्मक रही है। इसमें कोल इंडिया समेत अन्य महारत्न कंपनियों के अधिकारियों व गैर- अधिकारियों के वेतनमान व प्रासंगिक दस्तावेजों पर चर्चा हुई. इस संदर्भ में - मंत्रालय ने पूरी जानकारी मांगी है। बताया गया कि इसपर चर्चा करने के लिए अगली बैठक जल्द बुलाई जायेगी ताकि वेतन विसंगति मामले का त्वरित निष्पादन हो सके. बता दें कि कोयला अधिकारियों के वेतन विसंगति मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। 11 मार्च 25 को हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद कोयला मंत्रालय व डीपीई को एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई की अगली तिथि सात अप्रैल 25 निर्धारित की है। वहीं कोयला मंत्रालय चाहता है कि हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई से पहले ही कोयला अधिकारियों के वेतन विसंगति मामले को सुलझा लिया जाये। बैठक में संयुक्त कोल सचिव बीबी पति, कोल इंडिया निदेशक (एचआर) डॉ विनय रंजन, एनसीएल के निदेशक (एचआर) एचआर मनीष कुमार, एमसीएल निदेशक (एचआर) केशव राव व डीपीई के एक प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

Coal India Limited
A Maharatna Company

कोड निर्धारण के लिए कमेटी गठित

बीसीसीएल, इसीएल व सीसीएल, एसईसीएल, एनसीएल, समेत कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत कोलकर्मी जल्द एक ही ड्रेस में काम करते नजर आयेंगे। कोल इंडिया प्रबंधन ने कोलकर्मियों के ड्रेस कोड निर्धारण को लेकर कमेटी गठित कर दी है। इसमें कोल इंडिया के छह अधिकारियों व पांच यूनियन के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। सूचना के मुताबिक कमेटी अपने गठन के 15 दिनों के भीतर कोल इंडिया के निदेशक (एचआर) को अपनी सिफारिशें सौंपेगी।

कमेटी में प्रबंधन से यह शामिल

ड्रेस कोड कमेटी में कोल इंडिया की ओर से एमसीएल के निदेशक (एचआर) केशव राव, डब्ल्यूसीएल के निदेशक (एचआर) डॉ. हेमंत शरद पांडे, कोल इंडिया के जीएम (एस एंड आर) ई. कार्तिकेयन, जीएम (एमएम) एसके मैमुद अली, एसइसीएल के जीएम (वित्त) रोटी बसु, कोल इंडिया के जीएम (एचआर) गौतम बनर्जी आदि को शामिल किया गया है। जबकि यूनियन प्रतिनिधियों में सुजीत सिंह (बीएमएस), रंजन बेहरा (बीएमएस), विनय सिंह (एचएमएस), अजय कुमार (एआइटीयूसी) व मंतोष ताये (सीआईटीयू) आदि को शामिल किया गया है।

चैत्र नवरात्रि में इस बार हाथी में सवार होकर धरती पर आएंगी मां दुर्गा

अनूपपुर। चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रही है और 6 अप्रैल को खत्म होगी। इस बार चैत्र नवरात्र नौ नही बल्कि आठ दिनों की होगी। चैत्र नवरात्रि में घटस्थापना 30 मार्च को होगी और रामनवमी 6 अप्रैल को होगी। नवरात्रि का आरंभ इस बार रविवार से होगा, इसलिए इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। ऐसा माना जाता है कि यह रूप भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी करता है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं और इस वक्त घटस्थापना बहुत शुभ फल देने वाली मानी जा रही है। मां दुर्गा की कृपा से भक्तों के सभी कार्य बिना किसी रुकावट के पूर्ण होंगे। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से ही हिंदू नववर्ष का आरंभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर नगर के मंदिरों मढ़ियों एवं चौरा में मंदिर समितियां के द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है मंदिरों के रंग रोगन का कार्य शुरू हो गया है। मंदिरों को जगमग झालर की रोशनी से सजाया जा रहा है । नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर शारदा काली मंदिर बूढ़ी दाई मंदिर धर्मशाला मंदिर गोहंड्रा स्थित काली मंदिर गोविंद कॉलोनी दुर्गा मंदिर लहसुई कैंप संतोषी मंदिर में तैयारी शुरू कर दी गई है। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में कलश स्थापना 29 मार्च को होगी। इस बार मां जगदंबे की पूजा सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी। 29 मार्च को शाम 4 बजकर 32 मिनट पर प्रतिपदा तिथि शुरू हो रही है और यह तिथि 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगी। पूजा का शुभ समय 29 मार्च की शाम से शुरू हो जाएगा और जो कि 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। इसलिए, भक्त 30 मार्च की दोपहर तक कलश स्थापना कर सकते हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग में पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि में सर्वार्थसिद्धि योग और रवि योग का संयोग बन रहा है। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का अद्भुत संयोग बन रहा है।

खबर संक्षेप

मंत्री श्री पटेल की मौजूदगी में जिला पंचायत की बैठक आज

नरसिंहपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की मौजूदगी में जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत के सरदार वल्लभ भाई पटेल सभाकक्ष में 27 मार्च को प्रात 10.30 बजे से आयोजित की जायेगी।

उत्कृष्ट विद्यालय कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

नरसिंहपुर। उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2025-26 का परिणाम म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर विद्यालय की संवर्गवार जिला मेरिट सूची अपलोड कर दी गई है। जिसमें जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर हेतु 240 सीटों की जारी सूची में कुल अंक 100 में से अनारक्षित श्रेणी का कटऑफ 59, अन्य पिछड़ा वर्ग का कटऑफ 56, अनुसूचित जाति का कटऑफ 48, अनुसूचित जनजाति का कटऑफ 40, विकलांग श्रेणी का कटऑफ 53 एवं ई.डब्ल्यू.एस. का कटऑफ 36 रहा।

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह

तेंदूखेड़ा। चैत्रीय नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री देव लक्ष्मीनारायण बांके बिहारी मां हरसिद्धि जी की कृपा से मिठया परिवार के द्वारा हरसिध्दि मंदिर परिसर में पं कृष्णांक मिश्रा के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का गुणानुवाद 30 मार्च से 5 अप्रेल तक किया जायेगा।कलश यात्रा के साथ शुरू होने वाले इस ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान 1 अप्रैल को श्री राम रसिया भक्त मंडल का संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं 2 अप्रैल को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।5 अप्रेल को विशाल भंडारे के साथ कथा विश्राम होगी।

संगीतमय श्री शिव महापुराण एवं रुद्राभिषेक

तेंदूखेड़ा। देव श्री सोमेश्वर मंदिर परिसर हिरनपुर में श्रीवास्तव परिवार द्वारा संगीतमय श्री शिवमहापुराण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन आज से किया जा रहा है।आज कलश यात्रा के साथ शुरू हो रहे इस आयोजन में प्रतिदिन रुद्राभिषेक सुबह 10बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक किया जाएगा तथा दोपहर तीन बजे से शाम 6 बजे तक पंडित ब्रजेश शास्त्री जी महाराज के द्वारा संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा का वर्णन किया जायेगा।3 अप्रैल को भंडारा प्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।

टी बी को खत्म करने जागरूकता जरूरी: मंत्री श्री पटेल

161 पंचायतों को वितरित किये टीबी मुक्त प्रमाण पत्र

सम्मान समारोह में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल

नरसिंहपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह कार्यक्रम पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मंत्री श्री पटेल ने वर्ष 2024 के लिए जिले की टीबी मुक्त 161 ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिले की अन्य ग्राम पंचायतों को भी टीबी रोग मुक्त पंचायत बनाने के लिये लगातार प्रयास करें। टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकते हैं। टीबी रोग किन कारणों से होता है और इनसे कैसे बचाव करें यह जानकारी लोगों तक पहुंचना जरूरी है। टीबी रोग के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता रहेगी, तो पंचायत स्वतः टीबी रोग मुक्त हो जाएगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि टीबी का समय पर पता चल जाये और इसका पूरा उपचार हो जाए तो, यह पूरी तरह से रोकथाम और उपचार योग्य रोग है। इसमें घबराने वाली बात नहीं है।टीबी को छुपाये नहीं और ना कोई भी व्यक्ति इसे बताने में संकोच करें।

वैक्सीन लगाने मे करें सहयोग

सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करती है। उन्होंने समाज में इस बीमारी से संबंधित भ्रम की जानकारी देते हुए कहा कि लोग इस बीमारी को कलंक के रूप में देखते हैं। इसे छूने से फैलने वाली बीमारी समझा जाता है। इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को परिवार से दूर रखते है। हमें इन सभी भ्रम को दूर करना होगा। यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। मंत्री श्री पटेल ने ऑडिटोरियम में मौजूद लोगों से कहा कि यदि किसी व्यक्ति को ज्यादा दिनों तक खांसी हो तो जांच अवश्य करायें। अब 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीबी की वैक्सीन लगायी जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और आमजन भी इसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। टीबी मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य और पोषण की व्यवस्था के साथ जन-जागरुकता के लिए व्यापक प्रचार- प्रचार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। मंत्री श्री पटेल ने मंच से निर्देश देते हुए कहा कि जिले की जो पंचायतें चिन्हित की गई है वहाँ वैक्सीनेशन कैंप किए जाने की जानकारी पूर्व से ही दी जाये।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक महेन्द्र नागेश, पं. रामस्नेही पाठक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, सीएमएचओ डॉ एस एस ठाकुर, डॉ. विनय ठाकुर, समस्त बी एम ओ, स्वास्थ्य विभाग का अमला, पुरस्कार प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुँचे मंत्री श्री पटेल

नरसिंहपुर।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल झिरना रोड नरसिंहपुर स्थित आयुष चिकित्सालय में मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन द्वारा लगाये गये निशुल्क ऑस्टियोपैथी दर्द निवारक चिकित्सा शिविर में शामिल हुए। मंत्री श्री पटेल ने सर्वप्रथम भगवान धनवंतरी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रणाम किया। साथ ही स्व. मणिनागेंद्र सिंह पटेल मोनू भैया के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये। यहां उन्होंने इलाज के लिए पहुंचे मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत की। मंत्री श्री पटेल ने शिविर में आये डॉक्टरों से कहा कि आप हर वर्ष आकर अपनी सेवाएं दें और चिकित्सालय के स्टाफ को प्रशिक्षित करें। उन्होंने बाहर से आए चिकित्सकों और आयुष चिकित्सालय के स्टाफ को धन्यवाद दिया। उन्होंने जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरत्ना सिंह चौहान को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में पंचकर्म की सुविधा भी प्रारंभ की जाये। साथ ही आयुर्वेदिक गार्डन भी तैयार किया जाये। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन 250 लोगों ने पंजीयन कराया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पं. रामस्नेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सीताराम नामदेव, राजेन्द्र ठाकुर, अजय प्रताप सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी और शिविर में पहुंचे हितग्राही मौजूद थे।

3 दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन

नरसिंहपुर। गत दिवस जिला इकाई के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को दृष्टिगत हार्टफुलनेस संस्थान के सहयोग से अभ्यास किया जावेगा। पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के पालन में जिला पुलिस इकाई के अधिकारी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए 3 दिवसीय ध्यान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस कंट्रोल, रूम में ध्यान शिविर का आयोजन हार्टफुलनेस संस्थान के प्रशिक्षक श्रीमति अरूणलता श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, श्रीमति वैशाली मानसाता, श्रीमति नीतू साहू के सहयोग से संपन्न किया जावेगा। जिसमें पुलिस लाईन कार्यालयीन बल, बचत बल, एवं विभिन्न थानों के पुलिसकर्मियों द्वारा ध्यान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ध्यान शिविर का लाभ प्राप्त किया जा रहा है। ध्यान शिविर के प्रशिक्षक द्वारा मेडिटेशन के महत्व एवं जीवन में आश्यकता से अवगत कराया। आयोजित शिविर में रक्षित निरीक्षक श्रीमति मनोरमा बघेल, सूबेदार प्रियंक सराठिया सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मां कर्मा देवी जयंती पर हुए विविध आयोजन

नरसिंहपुर

साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती पर विविध आयोजन साहू समाज द्वारा किया गया। भगवान लड्डु गोपाल को छप्पन भोग लगाए गए। मां कर्मा देवी जी का पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती वंदन की गई। समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थी तथा प्रतिभागियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। मंच संचालन के लिए सुरभि मनीष साहू को समिति के अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष कमलेश साहू ने आभार व्यक्त किया।

बैठकों में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी

नरसिंहपुर। देश भर में 4,123 ईआरओ अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें कर रहे हैं। इसी तरह, सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 सीईओ को जिला और राज्य संघ राज्य-क्षेत्र स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने तथा लंबित मुद्दों का समाधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने का निदेश दिया गया है। राष्ट्रीय ध्राज्यीय राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ ये बैठकें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। ऐसी सभी बैठकें पूरे देश में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिले और राज्य संघ राज्य क्षेत्र में 31 मार्च, 2025 तक पूरी कर ली जाएंगी। यह कदम आयोग द्वारा 4 मार्च, 2025 को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ और प्रत्येक राज्य से एक डीईओ और ईआरओ की भागीदारी वाले सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तथा निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में दिए गए निदेशों के अनुरूप है। राजनीतिक दलों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जैसे बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), पोलिंग एजेंटों, काउंटिंग एजेंटों और चुनाव एजेंटों की चुनाव संचालन सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं में विशिष्ट भूमिकाएं होती हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों, जिलों और राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में सक्रिय रूप से और उत्साहपूर्वक भाग लेकर राजनीतिक दलों द्वारा जमीनी स्तर पर उनकी इस प्रकार की भागीदारी का स्वागत किया गया है।

नही रहे जितेन्द्र सिंह ठाकुर

नरसिंहपुर। गत दिवस नगर के प्रतिष्ठित ठाकुर परिवार के सुपुत्र जितेन्द्र सिंह ठाकुर का अस्वस्थता के चलते 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आप इंजी. एम एस ठाकुर के सुपुप तथा शैलेन्द्र ठाकुर व पुष्पेंद्र ठाकुर के भाई थे। श्री ठाकुर लंबे समय से स्थानीय शैक्षणिक संस्था केसीई कम्प्यूटर तथा एमआईएमटी कॉलेज मे सेवाएं दे रहे थे। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय झिरना मुक्तिधाम में किया गया। जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। खारी विसर्जन कार्यक्रम 28 मार्च को बरमान रेत घाट में किया जावेगा।

हॉकी अकादमी का प्रशिक्षण शिविर आज से

नरसिंहपुर। स्थानीय ऐतिहासिक हॉकी स्टेडियम ग्राउंड में 27 मार्च से राष्टीय खेल हॉकी के उत्थान एवं प्रोत्साहन, संरक्षित करने हेतु हॉकी की नई पौध बनाने हेतु 5 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को गहन हॉकी खेल की बारीकियों, खेलने का कौशल के साथ साथ शारीरिक मानसिक रूप से स्वास्थ्य रखने का प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। नगर के समस्त स्कूल के प्राचार्यों पी टी आई एवं समस्त नागरिक, नरसिंहपुर खेल विकास संगठन सदस्य से अनुरोध है कि वे अपने स्कूल के कॉलोनी, मोहल्ले घर परिवार के निर्धारित उम्र के बालक बालिकाओं को प्रोत्साहित कर मैदान से जोड़े, प्रातः 6.30 से 8 एवं संध्या 5.15 से 6.45 तक हॉकी स्टेडियम ग्राउंड पर भेजने का सार्थक प्रयास करें एवं हॉकी अकादमी को सहयोग प्रदान करे। उक्त शिविर में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी लक्ष्मी प्रसाद कहार, प्रवीण सिंघई, कोकिला लेवी, अतुल मिश्रा, इलयास खान के मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

सड़ांध मारने लगा घोघरा नाले का पानी, उद्धार की निहार रहा बाट

तेंदूखेड़ा

एक तरफ जहां जल संरचनाओं को बढ़ावा देने के साथ जल संरक्षण की दिशा में पुराने जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित करने स्थानीय नदी नालों तालाबों के जीर्णोद्धार के प्रयास शासन स्तर पर तो खूब किये जा रहे हैं। लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा इस विषय को गंभीरता से ना लेने के साथ उचित क्रियान्वयन ना होने की स्थिति में सुधार की दिशा में कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल सके हैं। तेंदूखेड़ा मुख्यालय में एक मात्र घोघरा नाला जो कि समीप की पहाड़ियों से निकला हुआ है।जो आज अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई स्वयं लड़ते हुए अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। स्थिति यह हो गई है कि इस नाले में लोगों ने अपने अपने घरों के निस्तार का पानी और सार्वजनिक नालियों का पानी भी इसी नाले में डालने के कारण नाले का पानी सड़ांध ही मारने लगा है। इस नाले के उद्धार को लेकर पूर्व में प्रयास तो खूब हुये लेकिन कागजों तक ही सीमित रहने के कारण इसका वास्तविक स्वरूप नहीं बदल पाया।

नाले में फेंका जाता है घरों का कचरा

लोगों की लापरवाही कहें या जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति निष्क्रियता या प्रशासनिक अक्षमता घरों से निकलने वाला कूड़ा कचड़ा साफ सफाई करके सीधे इस नाले में ही डालने के कारण इसका स्वरूप और पानी खराब होने के कारण लोगों ने ध्यान देना ही बंद कर दिया।इस नाले में मिलने वाले एक और स्थानीय नाला जो ऊपर मंडी तरफ से पाल मुहल्ला होते हुए हिंदी स्कूल के पीछे तरफ से जाकर सीधे इस घोघरा नाले में मिलता है । घरों का कचड़ा

लोग सीधे फेंक दिया करते है। जिससे गंदगी और मच्छर दोनों ही पनपते हैं।

कंटेनरों में नहीं डालते कचड़ा

स्वच्छता अभियान के तहत नगर में साफ सफाई के साथ जगह जगह कंटेनर भी रखे गये हैं। साथ ही कचड़ा बाहन भी विभिन्न वार्डों में कचड़ा संग्रहण हेतु निकलते भी हैं। लेकिन अभी भी कुछ लोगों में जागृति का अभाव कहें या निष्क्रियता मानें घरों की साफ सफाई का कचड़ा पालीथिन में भरकर नालियों में फेंकने या फिर कंटेनरों में ना डालकर नीचे डाल देने से गंदगी फैलाने वाले जानवरों द्वारा उसे भी फैला दिये जाने से गंदगी को बढ़ा दिया जाता है।समय समय पर स्वच्छता अभियान को निकलने वाली जन जागरण रैलियां भी इनके सामने बेअसर नजर आ रही है।

जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में नहीं हो रही सार्थक पहल

क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाये जाने की मांग के साथ बरसात के बहते हुए पानी को रोककर बाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत शोक पिट गड्ढों में पानी डालने सहित विभिन्न प्रकार के प्रयोग और प्रयासों को जनमानस के बीच रखा तो गया लेकिन जब से तेंदूखेड़ा में नर्मदा जल आना प्रारंभ हुआ है तब से लोग निश्चिंत से हो गये हैं। जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में कोई सार्थक पहल ही नहीं देखने मिल रही है। नर्मदा नदी से आने वाले पानी का दोहन जरुर जमकर हो रहा है, हजारों लीटर पानी बाहन धोनें या फालतू बहा दिया जाता है लेकिन जिस नर्मदा से पानी लाया जाता है उसमें भी पानी बढ़ाने की दिशा में कोई हाथ आगे आते नहीं दिखाई देते हैं। पुराने जल स्त्रोत लगभग अवशेष मात्र ही दिखने लगें हैं। कुछ समय पूर्व इन्हें पुर्नजीवित करने की दिशा में पहल की गई थी लेकिन बाद में वह भी अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पाई।

नाले को सुंदर स्वरूप देने की जरूरत

ऊपर पहाड़ी तरफ से निकलकर आये इस घोघरा नाले को ऊपर से लेकर नीचे तक सुंदर स्वरूप देने के लिए किसी बड़ी योजना की जरूरत है।जिसकी साफ सफाई करके इसे सुंदर स्वरूप दिया जा सकता है।इस नाले में वर्ष भर पानी रहने के साथ जहां आस पास क्षेत्रों के हैंडपंपों में पानी मिलेगा जमीनी जल स्तर भी बढ़ सकेंगा। मवेशियों को भी पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। गंदगी भी खत्म हो सकेगी लोगों का भी रुझान बढ़ेगा।

विद्युत पेंशनर संघ की बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर।

गत दिवस मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन बैठक आयोजित कर होली मिलन कार्यक्रम तथा मासिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुभारंभ मां भगवती की पूजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ के साथ किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा गया कि महंगाई भत्ते की देय राशि ऐरियर्स सहित तत्काल प्रदान करने की मांग रखी जावे विद्युत पेंशनरों को पेंशन भुगतान की गारंटी प्रदान की जावे। प्रत्येक 5 वर्ष में 5: की राशि पेंशन में बढ़ोतरी की जाए जिससे सभी उम्र के पेंशनरों को यह लाभ प्राप्त हो सके । स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा शीघ्र की जावे आदि समस्याओं पर विद्युत पेंशनरों में श्यामलाल रघुवंशी, के के नामदेव ,विजय नेमा, डी एस चैधरी, अमोल सिंह चैधरी आदि पेंशनरों ने अपने विचार रखें। बैठक दौरान पेंशनरों की विविध समस्याओं पर विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई। बैठक में बी आर सिंह, डब्बल सिंह पटेल, सुरेश चंद्र जैन, कृष्ण गोपाल शर्मा, राजकुमार नेमा, एम एल उमरे, मोहनलाल पटेल आदि पेंशनर उपस्थित थे। यह बैठक का सफल संचालन गणेश कुमार चतुर्वेदी ने एवं आभार प्रदर्शन अरुण खरे द्वारा किया गया। '

रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण शिविर का समापन

तेंदूखेड़ा विगत दिवस शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित उद्यमिता विकास केंद्र सेडमैप द्वारा 24 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुए अल्पावधि रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण का विगत दिवस समापन किया गया है। यह प्रशिक्षण एक महीने का था इस प्रशिक्षण में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया । व्यक्तित्व विकास कम्युनिकेशन स्किल और कंप्यूटराइजेशन कौशल पर आधारित था इस प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को जागरूकता संप्रेषण कला आत्मविश्वास तथा माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एक्सेल पावर पॉइंट आदि के बारे में जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण

51 विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य अपर्णा चौबे ने छात्रों को व्याख्यान देते हुए बताया कि छात्र जीवन नए आयाम होते हैं जो ज्ञान के माध्यम से अर्जित किए जा सकते हैं ।ज्ञान ही जीवन का आधार होता है तथा यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को समाज में रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक होगा। सेडमैप से जिला कार्यक्रम समन्वयक संदीप श्रीवास्तव एवं सहायक प्रशिक्षक गजराज पटैल ने समस्त विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं कम्यूनिकेशन स्किल का प्रशिक्षण प्रदाय किया । महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को प्रशिक्षण कराया गया। कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. मनीष वर्मा ने भी प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण आपको भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में लाभदायक सिद्ध होगा कार्यक्रम का आभार डॉ भानुप्रताप प्रजापति ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक स्टाफ एवं कार्यालय स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित हुए जिसमें तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के संजना पिता संदीप पटेल देवांश पिता देवेश पटेल अभिराज पिता नितिन राय शुभ पिता जीवन किरार महेंद्र पिता रामकुमार का चयन हुआ है। इनकी सफलता में जहां छात्रों का परिश्रम रहा है। वहीं जसवंत पटेल का मार्गदर्शन सर्वोपरि रहा है।